# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 ................/2026

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र (Admit Card) समिति के वेबसाईट पर जारी करने तथा उसे डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को वितरण कराने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थी, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा (दिनांक 20.01.2026 से 22.01.2026 तक) एवं सैद्धान्तिक परीक्षा (दिनांक 17.02.2026 से 25.02.2026 तक) में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र (Admit Card) समिति के वेबसाईट https://exam.biharboardonline.org पर दिनांक 06.01.2026 से अपलोड रहेगा।**

2. माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान **समिति के वेबसाईट https://exam.biharboardonline.org** पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन करने के उपरांत दिनांक 06.01.2026 से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपने विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि विद्यालयों में आयोजित होने वाली इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा (दिनांक **20.01.2026 से 22.01.2026** तक) एवं परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सैद्धान्तिक परीक्षा (दिनांक **17.02.2026 से 25.02.2026** तक) के आयोजन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। डाउनलोड एवं वितरित किये गए प्रवेश पत्र के आधार पर एक समेकित विवरणी पंजी भी संधारित कर सुरक्षित रखेंगे।

3. विद्यालय प्रधान पूर्णतः आश्वस्त हो लेंगे कि विद्यालय के सभी अर्हक परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उन्हें प्राप्त करा दिया गया है और किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र प्राप्त कराना अब शेष नहीं रह गया है ताकि किसी भी परीक्षार्थी को इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा एवं सैद्धान्तिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

4. **(i) यह प्रवेश पत्र उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में उत्प्रेषित/उत्तीर्ण वैध परीक्षार्थियों के लिए ही मान्य होगा। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित (NonSent-up)/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र/छात्रा/ विद्यार्थी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में कदापि सम्मिलित नहीं होंगे। मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान को सूचित किया जाता है कि जो विद्यार्थी विद्यालय द्वारा आयोजित उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित (Non Sent-up)/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित है, उनका प्रवेश पत्र (Admit Card) किसी भी परिस्थिति में उनके द्वारा जारी नहीं किया जाएगा। इस निर्देश की उपेक्षा करते हुए यदि किसी विद्यालय के प्रधान द्वारा किसी भी गैर–उत्प्रेषित (Non Sent-up)/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र/छात्रा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया जाता है, तो इसे घोर अनियमितता मानते हुए समिति द्वारा मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा और इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी कठिनाई के लिए परीक्षार्थी तथा संबंधित विद्यालय के प्रधान जिम्मेवार होंगे।**

**(ii)** माध्यमिक स्तर के मान्यात प्राप्त विद्यालयों के प्रधान को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यालयों के द्वारा उत्प्रेषण (Sent-up)/ जाँच परीक्षा का परीक्षाफल समिति में जमा नहीं किया गया है, उन विद्यालयों के परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का परीक्षाफल समिति में प्राप्त हो जाने के पश्चात उनका प्रवेश पत्र जारी कर दिया जायेगा।

5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावक को सूचित किया जाता है कि वे अपने विद्यालय प्रधान से संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र (प्रधानाध्यापक द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त) प्राप्त कर लेंगे तथा इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा दिनांक **20.01.2026 से 22.01.2026** तक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा दिनांक **17.02.2026 से 25.02.2026** तक की अवधि में अपने प्रवेश पत्र के अनुसार सम्मिलित होंगे।

6. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु विद्यालय प्रधान के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये पंजीयन/परीक्षा आवेदन एवं सभी परीक्षार्थियों का डमी प्रवेश पत्र जारी करने के बाद छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परिलक्षित त्रुटियों का ऑनलाइन संशोधन हेतु समिति द्वारा विभिन्न विज्ञप्तियों के माध्यम से कई बार अवसर प्रदान किया गया था। तद्नुसार ही समिति द्वारा सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया है। सभी परीक्षार्थियों के निर्गत प्रवेश पत्र के अनुसार ही इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा एवं सैद्धान्तिक परीक्षा का संचालन एवं उनमें छात्रों का सम्मिलित किया जाएगा। किसी भी विद्यालय प्रधान/परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के निर्गत प्रवेश पत्र से भिन्न विषयों की परीक्षा नहीं ली जाएगी और ना ही प्रवेश पत्र में किसी प्रकार का संशोधन किया जाएगा अथवा किसी संशोधित बिन्दु की स्वीकृति दी जाएगी। यदि विद्यालय प्रधान/परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा किसी परीक्षार्थियों के निर्गत प्रवेश पत्र में संशोधन किया जाता है अथवा संशोधित बिन्दु की स्वीकृति दी जाती है तथा प्रवेश पत्र से भिन्न विषयों की परीक्षा ली जाती है, तो वैसे विद्यालय प्रधान/परीक्षा केन्द्राधीक्षक के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई करते हुए निलंबन हेतु सक्षम प्राधिकार से अनुशंसा की जाएगी।

7. <u>दिव्यांगजन अभ्यार्थियों को लेखक (Writer) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई</u> :–

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक- F.No 34-02/2015-DD III, दिनांक–29-08-2018 एवं पत्रांक F.No.29-06/2019-DD III दिनांक–10-08-2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में वैसे परीक्षार्थियों को जो स्वयं से लिखने में असमर्थ हैं, उनके अनुरोध के आधार पर श्रुतिलेखक उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यह भी प्रावधान है कि दिव्यांग अभ्यर्थीगण अपना श्रुतिलेखक भी ला सकते है। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट प्रतिघंटा क्षतिपूरक समय (Compensatory time) देय होगा।

8. ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–9430429722, 0612–2232239 अथवा E-mail Id : bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर किसी समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।